HZL/2025-26/SECY/56

July 19, 2025

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort
Mumbai – 400 001

Kind Attn: General Manager – Department of Corporate Services

Scrip Code: 500188

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor Plot No., C/l, G Block
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai – 400 051

Kind Attn: Head Listing & Corporate Communication

Trading Symbol: "HINDZINC"

Dear Sir/Ma'am,

Sub: Newspaper Advertisements – Unaudited financial results for the first quarter ended June 30, 2025

Pursuant to Regulations 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the copies of newspaper advertisements pertaining to the financial results for the first quarter ended June 30, 2025, of the Company, published today i.e., July 19, 2025, in below newspapers:

Sr. No.	Newspaper	Edition
1	Financial Express	All editions
2	Rajasthan Patrika	Udaipur
3	Dainik Bhaskar	Udaipur

The aforesaid results are also available on the Company's website www.hzlindia.com

This is for your information and records.

Thanking You.

Yours faithfully,
For Hindustan Zinc Limited

AASHHIMA V KHANNA
Digitally signed by AASHHIMA V KHANNA
Date: 2025.07.19 15:20:44 +05'30'

Aashhima V Khanna
Company Secretary & Compliance Officer

Enclosed: As above

A QUARTER OF FOREIGN EDUCATION COSTS PAID VIA REMITTANCES

Overseas education spend pegged at $91 bn by 2030

SIDDHARTH UPASANI
New Delhi, July 18

INDIAN FAMILIES COULD end up spending $91 billion on foreign education for their children in 2030, up from $44 billion in 2024, with the money they lose due to exchange rate markups and fees charged by traditional banking players potentially approaching half a billion US dollars.

According to a report by global payments firm Wise and Redseer Strategy Consultants, released on Friday, around a quarter of the annual foreign education spending of Indians — amounting to roughly $11 billion in 2024 — is met through money transferred overseas from India, with the rest largely coming from earnings and financial support within the destination country. According to the report, more than 95% of these remittances go through traditional banking channels, which charge a mark-up of 3-3.5 per cent on the exchange rate.

"A typical family sending ₹30 lakh annually may lose ₹60,000–75,000 to hidden markups, enough to cover several months of living expenses or fund additional courses. Across the 760,000 Indian students heading abroad, this amounts to a significant hit to their pocket," Wise and Redseer said in a statement, adding that in 2024 these costs totalled $200 million, or ₹1,700 crore, for Indian families. The high cost of cross-border transfers has been a key focus area for the Reserve Bank of India (RBI), which has in recent years highlighted the fees and time delays associated with them. According to the World Bank, the global average cost of sending remittances was 6.62 per cent of the amount in July-September 2024.

The cost of making international payments rises depending on the number of intermediaries, or correspondent banks, involved, with fees being charged and operational delays possible at every stage. These costs and delays have been a key driver of central banks exploring the use of their digital currencies to make cross-border transfers. The government and the RBI have pushed for the linking of national instant payment systems, with India's Unified Payments Interface (UPI) linked with Singapore's PayNow. Earlier this week, the National Payments Corporation of India enhanced the UPI-PayNow linkage by adding 13 more Indian banks — taking the total to 19 — whose customers can receive remittances from Singapore via UPI.

According to latest RBI data, the money sent abroad by Indian residents for overseas education under the central bank's Liberalised Remittance Scheme (LRS) fell 21 per cent year-on-year in April to $164 million. In fact, expenditure under the LRS for overseas studies was down 21 per cent for the first four months of 2025 at $874 million, with the fall in April being the ninth month in a row that money sent abroad for studies under the scheme was down on a year-on-year basis.

HIGH FEES, HIGHER DEGREES

- The global average cost of remittances was **6.62%** of the amount in July-Sept 2024, according to World Bank

- The government and the RBI have pushed for the linking of national instant payment systems, with India's UPI linked with Singapore's PayNow
- A typical family sending **₹30 lakh** annually may lose **₹60,000–₹75,000** to hidden markups, enough to cover several months of living expenses or fund additional courses, Wise and Redseer report finds
- The World Bank, the global average cost of sending remittances was 6.62% of the amount in July-September 2024
- In fact, expenditure under the Liberalised Remittance Scheme for overseas studies was down 21% for the first four months of 2025 at **$874 mn**

Security fears mount amid rising Chinese medical device imports

MANU KAUSHIK
New Delhi, July 18

THE GOVERNMENT IS set to launch a probe into the rising use of Chinese medical devices in India's healthcare sector, amid concerns over data privacy and national security risks.

The issue was discussed at an inter-ministerial meeting chaired by commerce minister Piyush Goyal early this month. Representatives from the domestic medical technology (MedTech) industry also participated in the meeting.

"The health data captured by the China-made medical devices, especially IT-enabled equipment, can potentially be used by Chinese firms for monitoring and espionage. Being a hostile nation, China can install malware or bugs in its devices that can be activated whenever it want. There are also concerns of a national security threat because Chinese devices are increasingly used by defence forces, where there could be cases of data theft," said a source.

China is the second-largest supplier of medical devices in India after the US. Imports of these products from China have more than doubled from $622 million in FY20 to $1.3 billion in FY25, registering a compounded annual growth rate (CAGR) of 21%. In the same period, the country's overall imports of medical devices have grown at a CAGR of 8.8%.

The official said that the inputs taken from the industry are expected to start a formal investigation shortly. "From small pacemakers to large MRI machines, every Chinese device is prone to security risk. We have been asked to give additional information, which will be shared with the ministry in due course," said an official of a MedTech association.

Experts said that the actual share of Chinese firms in India's MedTech market could be even higher than what official data suggests because of the alleged dumping of goods by that country by rerouting them through other countries like Malaysia, Hong Kong, Singapore and countries with which India has free-trade agreements. "The trans-shipments from these neighbouring countries have shot up in recent years, indicating that China is dumping its devices through these hubs to bypass regulations.

It's expected that China will overtake US in FY26 to become the largest exporter of medical devices to India," said the official quoted above.

Currently, India imports from China are concentrated around diagnostic imaging equipment, in vitro diagnostics reagents, and surgical instruments.

China's rise in the Indian MedTech sector has been largely attributed to its cost leadership and non-adherence to global standards, which makes Chinese devices cheaper than their global competitors. China has its own standards for several devices. These standards are not harmonised with the global standards, which results in their competitive pricing," the official said.

Early this year, the US FDA flagged concerns with Chinese-made medical devices after a cybersecurity agency discovered a "backdoor" in a hospital monitoring equipment.

Maharashtra excise lapses led to huge losses: CAG

PRESS TRUST OF INDIA
Mumbai, July 18

THE COMPTROLLER AND Auditor General (CAG) of India has pulled up the Maharashtra state excise department for serious lapses in its operations, leading to a substantial revenue shortfall.

The CAG report pointed out that due to incorrect assessment of licence renewal fees, the state lost ₹20.15 crore in revenue and ₹70.22 crore in interest. The audit further said failure to implement revised rates for supervision fees led to an additional shortfall of ₹1.20 crore.

According to the report, the then Excise Commissioner exempted excise duty on old stock of beer without obtaining prior approval from the state government.

The report also highlighted that delayed submission of mild beer samples for chemical analysis hampered tax recovery to the tune of ₹73.18 crore.

"Under the Bombay Prohibition (Privilege Fee) Rules, 1954, a provision exists to charge fees for changes in partnership. However, no such provision was applicable to significant changes in shareholding of public limited companies, resulting in a loss of ₹26.93 crore to the state," the CAG observed.

vedanta

HINDUSTAN ZINC LIMITED

HINDUSTAN ZINC

Regd Office: Yashad Bhawan, Udaipur - 313004
PBX No. 0294-6604000, CIN - L27204RJ1966PLC001208, www.hzlindia.com

STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30 JUNE, 2025

At the C'ORE' of the Global Energy Transition

Highest ever first quarter mined metal production at 265 kt with lowest-ever Q1 cost of production at US$ 1,010/MT | Record quarterly production at Hindustan Zinc Alloys, taking overall value-added product share to c.24% | Secured two critical minerals blocks - Potash in Rajasthan and Rare Earth Elements (REEs) in Uttar Pradesh

(₹ in Crore, except as stated)

	PARTICULARS	Quarter ended			Year ended
		30.06.2025	31.03.2025	30.06.2024	31.03.2025
		Unaudited	Audited (Refer Note 4)	Unaudited	Audited
1.	Total income from operations	7,771	9,087	8,130	34,083
2.	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2,985	3,782	3,114	13,636
3.	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,985	3,782	3,114	13,553
4.	Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,234	3,003	2,345	10,353
5.	Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	2,245	2,961	2,327	10,384
6.	Paid up Equity Share Capital	845	845	845	845
7.	Reserves	10,500	12,481	12,450	12,481
8.	Net Worth	11,345	13,326	13,295	13,326
9.	Paid up Debt Capital/ Outstanding	13,525	10,651	11,178	10,651
10.	Outstanding Debt Equity Ratio	1.19	0.80	0.84	0.80
11.	Earnings Per Share in Rs. (of ₹ 2 each) for continuing and discontinued operations				
	Basic :	5.29	7.11	5.55	24.50
	Diluted:	5.29	7.11	5.55	24.50
12.	Debt Service Coverage Ratio (in times)	4.27	3.07	17.54	4.61
13.	Interest Service Coverage Ratio (in times)	16.25	20.50	17.54	17.32

NOTES :

1. The above consolidated results of Hindustan Zinc Limited ("the Company") and its subsidiaries ("the Group") for the quarter ended June 30, 2025 have been reviewed by Audit & Risk Management Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on July 18, 2025 and have been subjected to limited review by the statutory auditors of the Company.
2. **Key Standalone Financial information:**

(₹ in Crore)

PARTICULARS	Quarter ended			Year ended
	30.06.2025	31.03.2025	30.06.2024	31.03.2025
	Unaudited	Audited (Refer Note 4)	Unaudited	Audited
Total income from operations	7,723	9,041	8,130	33,969
Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2,948	3,749	3,129	13,547
Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,948	3,749	3,129	13,464
Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,204	2,976	2,358	10,279

3. The above is an extract of the detailed format of the unaudited standalone and consolidated Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited Financial Results is available on the Exchange websites www.nseindia.com & www.bseindia.com and can be accessed through the QR code given below.
4. The figures of the quarter ended March 31, 2025 are the balancing figures between audited figures for the full financial year ended March 31, 2025 and nine months unaudited published figures up to December 31, 2024.

By Order of the Board

Date: July 18, 2025
Place: Udaipur

Arun Misra
CEO & Whole-time Director



धारा-दर-चोरी... अब खौफ • जहां ज्यादा कुछ नहीं मिला, वहां तोड़-फोड़

नकाब पहनकर आए चोर, 7 घरों से 4 लाख के जेवर और नकदी ले गए

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

बामनवाड़ा गांव में बीती रात चोरों ने गांव के 7 सूने मकानों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर लाखों की नकदी और जेवरात चुरा ले गए। इससे गांव में दहशत का माहौल है।

कीमती सामान के लिए घर उलट-पुलट किए। एक जगह सीसीटीवी कैमरे में दिखे।

पन्नालाल ने रिपोर्ट में बताया कि उसके घर से चांदी की एक किलो वजनी 5 जोड़ी पायजेब, एक ब्रेसलेट, सिक्के, सोने का टीका, एक पेंडेंट, दो चांदी की अंगूठियां और 25 हजार रुपये चोरी हुए। यशवंत पंड्या के घर से करीब 15 हजार रुपये और चांदी के दो सिक्के ले गए। प्रकाश पंड्या के घर से 10 हजार रुपए चोरी हुए। महेंद्र के घर से 15 हजार रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र और अंगूठी ले गए। हितेश पंड्या पुत्र रमेश पंड्या के घर में तोड़फोड़ की गई।

प्रकाश पंड्या के घर की अलमारी तोड़ी। राजेश पंड्या और रवींद्र पंड्या के घरों में भी ताले तोड़कर सामान अस्त-व्यस्त किया। सभी मकान सूने थे। इनसे करीब 4 लाख रुपये की चोरी हुई। वारदात से पहले चोरों ने रैकी की थी। सुबह ग्रामीणों ने ताले टूटे देखे तो घटना का पता चला। करजी गांव में अमरचंद पुत्र भैरू कलाल के सूने मकान का ताला तोड़ने की आवाज सुनकर पड़ोस की महिला जाग गई। उसे देखकर चोर हथियार छोड़कर भाग गए।

नरेंद्र ने बताया कि रात करीब 3 बजे खिड़की से टॉर्च जलाकर देखा तो एक व्यक्ति नजर आया। चिल्लाने पर वह भाग गया। सुबह 5 बजे बाहर निकले तो उनके भाई रेवेन्यू इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार पंड्या के घर का ताला टूटा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी राजीव राहर ने सभी घरों की बारीकी से जांच की। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए।

साधु वेश में छेड़छाड़ की, डेढ़ माह बाद पकड़ा गया

भास्कर न्यूज | जयसमंद / सराड़ा

सराड़ा थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ महीने पहले एक महिला से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने अहमदाबाद से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दी कि 5 जून को रात्रि करीब 10 बजे अज्ञात व्यक्ति साधु वेश में घर में घुसा और कपड़े खींचते हुए छेड़खानी करने लगा। महिला के विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर उसका जेठ दौड़कर मौके पर पहुंचा, तो आरोपी भाग गया।

इस मामले में सराड़ा वृताधिकारी चांदमल सिंगारिया के निर्देश पर थानाधिकारी हेमंत अहारी, हेड कांस्टेबल ईश्वर सिंह, कर्मवीर सिंह, कांस्टेबल रमेश व देवी सिंह मय टीम ने पूछताछ व तकनीकी कर आरोपी कलुथड़ा (सलूंबर) निवासी लक्ष्मण उर्फ लाखन पुरी पुत्र लखमा मीणा को अहमदाबाद से साधु वेश में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

ससुराल छोड़कर आई ननद से नाराज थी भाभी, कुल्हाड़ी से मार डाला, गिरफ्तार

ऋषभदेव | ननद की हत्या के बाद फरार महिला को थाना पुलिस ने झाड़ोल बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह यह थी कि ननद ससुराल छोड़कर करीब 15 साल से पीहर में रह रही थी।

थानाधिकारी भारत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि अंबा घाटी, पीपली-ए निवासी सविता मीणा पर 11 जुलाई को उसकी भाभी रीना देवी ने सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। तब रीना देवी का बेटा संदीप वहीं था। उसकी सूचना पर परिजन सविता को केशरियाजी अस्पताल लाए। फिर उदयपुर एमबी अस्पताल रेफर किया गया, जहां बीते गुरुवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। आरोपी रीना को शुक्रवार को झाड़ोल बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।

बताया गया कि सविता 15-16 वर्षों से अपने भाई नारायणलाल मीणा के घर रह रही थी। रीना भी डेढ़ साल से अपने पीहर काया में थी। क्योंकि वह सविता के पीहर में रहने से नाराज थी। इसलिए एक-दो दिन पहले ही वह ससुराल अंबा घाटी आई थी और सविता को मार डाला। इधर, सविता के भतीजे शांतिलाल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रीना पहले भी परिवार को फंसाने की धमकी दे चुकी थीं।

पुलिस से बचने के लिए छिपती रही : थानाधिकारी भारत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि गत 11 जुलाई को हमले के बाद से रीना फरार थी। वह पहले अपने पीहर काया चली गई। फिर जहां-तहां भटकती रही। शुक्रवार को उसके झाड़ोल बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े होने की सूचना मिली। उससे वारदात में काम ली कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

कड़िया पहुंची यूनिसेफ टीम, बच्चों का आत्मविश्वास देखकर प्रभावित

उदयपुर | यूनिसेफ राजस्थान की टीम ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कड़िया में शैक्षिक गतिविधियां देखीं। चीफ रुशभ, शिक्षा विशेषज्ञ अमृता सेन गुप्ता, मंजरी पंत और चंद्रशेखर दुबे ने कक्षाओं, स्मार्ट क्लास व पुस्तकालय का दौरा किया और बच्चों से संवाद किया।

प्रधानाचार्य स्निग्धा भगात ने बताया कि स्कूल में सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के साथ आधाफुल्ल कॉमिक पर कार्य किया जा रहा है। पेरेंट्स मीटिंग के जरिए भी आत्म-सम्मान पर चर्चा की जा रही है। कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने आधाफुल्ल और बदलपुर के चीते कॉमिक पर नाटक प्रस्तुत किया। इसमें बॉडी टॉक, जेंडर भेदभाव और मीडिया के प्रभावों जैसे मुद्दों पर संवाद हुआ। बच्चों की आत्मविश्वासपूर्ण अभिव्यक्ति देखकर टीम प्रभावित हुई।

वन रक्षक, वनपाल व सर्वेयर के 785 पदों पर सीधी भर्ती, 10वीं-12वीं पास को मौका

आवेदन प्रक्रिया शुरू, कर्मचारी चयन बोर्ड करवा रहा परीक्षा

उदयपुर | प्रदेश के वन विभाग में वनपाल, वनरक्षक और सर्वेयर के 785 पदों पर सीधी भर्ती होगी। इसके लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने आवेदन मांगे है।

वनपाल के 259, वनरक्षक के 483 और सर्वेयर के 43 पद हैं। सर्वेयर के पदों पर भर्ती होने से विभाग की जमीन के ऑनलाइन करने, खनन पट्टों को एनओसी देने, बांध, झीलों के निर्माण प्रोजेक्ट सहित कई कार्यों में तेजी आएगी। प्रदेश में सबसे ज्यादा वन क्षेत्र वाले उदयपुर जिले के दो वनमंडल में एक ही सर्वेयर है। इस कारण यहां काम प्रभावित होता है। उदयपुर जिले करीब 2700 वर्ग किमी एरिया में वन क्षेत्र है। उदयपुर से टूटकर नए बने सलूंबर जिले का वन क्षेत्र भी उदयपुर वन मंडल के पास है। दो जिले होने से सर्वेयर की जरूरत है।

वन रक्षक के सर्वाधिक 483 पद

पद	संख्या	आयु	वेतनमान
वनपाल	259	18 से 40 वर्ष	लेवल-8
वनरक्षक	483	18 से 24 वर्ष	लेवल-4
सर्वेयर	43	18 से 40 वर्ष	लेवल-5

देवनागरी लिपि और राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान जरूरी: वनपाल के लिए कम से कम 10वीं-12वीं पास होना जरूरी है। देवनागरी लिपि में हिंदी में काम करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी होगा। वन रक्षक के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना और देवनागरी लिपि में हिंदी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी है। सर्वेयर के लिए 10-12वीं परीक्षा पास होने के साथ आईटीआई सर्टिफिकेट इन सिविल सर्वे और डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग होना चाहिए। तीनों पदों के लिए भर्ती परीक्षा होगी।

नाबालिग को झाड़ोल से अगवा किया, पाली में बेचा, आरोपी महिला गिरफ्तार

झाड़ोल (फल) | थाना पुलिस ने नाबालिग लड़के का झाड़ोल से अपहरण कर पाली में बेचने में फरार पारगी फला निवासी मीरा देवी पारगी को गिरफ्तार किया।

गत वर्ष 1 सितंबर को दमाणा तालाब (मावास) थाना झाड़ोल निवासी रूपलाल खराड़ी ने मामला दर्ज कराया कि 13 वर्षीय बेटा 10 दिन पहले घर से निकला। सभी जगह पूछताछ की, लेकिन पता नहीं लगा। जांच के बाद पुलिस ने आहोर (जालोर) निवासी देवाराम उर्फ बाबूलाल रेबारी को गिरफ्तार किया था। उससे पता चला कि बच्चे को पाली में बेचा गया है। उसे दस्तयाब किया। मीरा फरार थी।

नहर में गिरा ट्रक, शुक्र है जनहानि नहीं

कल्याणपुर | सोमकागदर नहर की अमरपुरा माइनर में शुक्रवार को कटेव में ट्रक अनियंत्रित नहर में पलट गया। इसमें मार्बल पाउडर के कट्टे थे, जो पालनगर, मुंबई ले जाए जाने थे। गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित ट्रक नहर में पलट गया। तब आसपास कोई नहीं था। इसलिए जनहानि टल गई। सूचना पर ट्रक मालिक उदयपुर से पहुंचा। दूसरी गाड़ी में माल भेजा गया।

शीतला मंदिर में चोरी के आरोपियों का सुराग नहीं

वल्लभनगर | शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में चोरी का खुलासा नहीं हो पया है। सोमवार को आहूत बंद के दौरान पुलिस के उच्च अधिकारियों ने चार दिन का समय मांगा था। इसमें से तीन दिन शुक्रवार को पूरे हुए। पूर्व विधायक प्रीति शक्तावत ने बताया कि बंद के दौरान उनसे थानाधिकारी की बदसलूकी के मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शनिवार को उदयपुर आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में आगे की रणनीति तय करेंगे। बता दें, कस्बे में मेवाड़ के इस प्रसिद्ध शक्तिपीठ में गत 1 जुलाई को चोरी हो गई थी। चोर लाखों के जेवरात ले गए थे। पुलिस और विधायक उदयलाल डांगी मामले में लोकल बदमाशों का हाथ होने का दावा कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

लूट के लिए ट्रेलर पर हमला, मामला दर्ज

जयसमंद | स्टेट मेगा हाईवे पर गुरुवार रात बाइक पर आए बदमाशों ने लाठी से ट्रेलर के शीशे फोड़ दिए। चालक गातोड़ निवासी मोहनलाल मीणा लूट की आशंका जताई है। रिपोर्ट में मोहन ने बताया कि उदयपुर से ट्रेलर लेकर जयसमंद आ रहा था। रात करीब नौ बजे महुड़ी घाटी में बाइक पर सवार आए चार युवकों ने रोकने की कोशिश की। नहीं रुकने पर युवकों ने कांच पर लट्ठ मार दिया। दूसरे वाहनों को आते देखकर बदमाश भाग गए।

दुकान का शटर सब्बल से उठाया, जेवर ले गए चोर

उदयपुर | प्रतापनगर थाना क्षेत्र की ज्वेलरी शॉप में चोरी का मामला सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक दरोली हाल पुराना पुराना आरटीओ मार्ग स्थित हनुमान मंदिर के सामने सिद्धि विनायक ज्वेलर्स के राकेश कुमार सिपाल ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि 16 जुलाई को रात 9:15 बजे दुकान बंद कर वह घर लौटे थे। अगली सुबह दुकान के मालिक ने फोन पर बताया कि दुकान का शटर तोड़ा गया है। वह दुकान पर पहुंचे शटर बीच में से ऊपर मिला। संभवतया रात में बदमाशों ने [illegible] सब्बल या सरिया से उठाया। फिर [illegible] से ज्वेलरी चुरा ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल की युवाओं को सौगात

75 हजार को नौकरी, 26 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

जयपुर @ पत्रिका. भजनलाल सरकार ने अब तक प्रदेश के 75 हजार युवाओं को नौकरी देने के दावे के साथ ही वर्ष 2025 में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी कर दिया है। एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने युवाओं को 26 हजार से अधिक पदों पर सरकारी भर्तियों की सौगात दी हैं। विभिन्न विभागों में भर्तियों के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी हैं।

प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन का मामला

31 दिसम्बर तक ही रहेगी छूट

जयपुर @ पत्रिका. प्रदेश में राजस्व ग्राम से लेकर जिला स्तर तक की प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन 31 दिसम्बर के बाद नहीं हो सकेगा। इसके बाद जनगणना कार्य पूरा होने तक प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं को बदला नहीं जा सकेगा। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने परिपत्र जारी कर 31 दिसम्बर के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमा बदलने पर रोक लगा दी। पंत ने देश के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के दिशानिर्देश पर यह परिपत्र जारी किया। पहले यह समयसीमा 30 जून 2025 तक थी, जिसे हाल ही बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2025 कर दिया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि जिलों, उपखण्डों, तहसीलों, कस्बों, राजस्व ग्रामों, शहरी निकायों आदि किसी भी प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में 31 दिसम्बर 2025 के बाद बदलाव नहीं किया जाए। यह रोक जनगणना-2027 का कार्य पूरा होने तक जारी रहेगी।

नई टाउनशिप नीति में नहीं किए प्रावधान, छूटी कॉम्पेक्ट डवलपमेंट की अहम कड़ी

नहीं होगा फेज वाइज डवलपमेंट शहरों में चलता रहेगा बेतरतीब विस्तार

वरिष्ठ नगर नियोजकों की मंशा यहां भी गुरुग्राम मॉडल लागू करने की थी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. राजस्थान के शहरों में योजनाबद्ध डवलपमेंट की मंशा पर कुछ डवलपर्स का दबाव भारी पड़ गया। नगरीय विकास विभाग ने टाउनशिप नीति के ड्राफ्ट में तो फेज वाइज डवलपमेंट को शामिल करने का भरोसा दिलाया था, लेकिन अंतिम रूप देने के बाद आई पॉलिसी में तवज्जो नहीं दी गई। बल्कि इसके लिए अलग से पॉलिसी बनाने की बात कहकर टाल दिया गया है।

वरिष्ठ नगर नियोजक और शहरी विकास विशेषज्ञ चाहते हैं कि मास्टर प्लान और हाईकोर्ट की मंशा के अनुसार राजस्थान के शहरों में हरियाणा के गुरुग्राम मॉडल की तरह विकास हो। इसमें फेज वाइज डवलपमेंट के माध्यम से केवल चिन्हित क्षेत्रों में ही निर्माण की अनुमति दी जाती है, जिससे बेतरतीब शहरीकरण पर अंकुश लगे और संसाधनों का व्यवस्थित उपयोग हो।

इसलिए जरूरी फेज वाइज डवलपमेंट

- इससे बेतरतीब और मनमाना निर्माण रुकेगा, क्योंकि केवल चिन्हित क्षेत्रों में ही टाउनशिप स्वीकृत होगी। मनमाने तरीके से डवलपमेंट पर रोक रहेगी।
- नगर निकाय की अधिकृत कमेटी तय करेगी कि कौनसे क्षेत्र पहले विकसित होंगे। इन्हीं क्षेत्रों में टाउनशिप विकास की मंजूरी दी जाएगी।
- जब चिन्हित क्षेत्र के 75 प्रतिशत एरिया का ले-आउट प्लान मंजूर हो जाएगा, तब टाउनशिप विकास के लिए अगला क्षेत्र खोला जाएगा।

इस मॉडल की खासियत

योजनाबद्ध जोनल प्लान: हर एरिया का जोनल प्लान बनाया जाएगा। हर क्षेत्र का भूउपयोग, लागत, टाइमलाइन तय होगी। क्या बनेगा, कितनी लागत होगी, कितने समय में पूरा होगा, यह सब कुछ जोनल प्लान में अंकित रहेगा।

संसाधनों का संतुलन: एक साथ पूरा क्षेत्र विकसित करने के बजाय, धीरे-धीरे संसाधनों और फंड का उपयोग किया जा सकता है।

सुधार की गुंजाइश: पहले चरण के अनुभवों के आधार पर अगले चरणों में सुधार संभव होगा।

जोखिम नियंत्रण: तकनीकी, वित्तीय या पर्यावरणीय दिक्कतें आती है तो अगले चरण उससे बचा जा सकता है।

अभी इस तरह नुकसान

- शहरों में असंतुलित विकास, जहां कहीं जमीन सस्ती या उपलब्ध होगी, वहीं निर्माण शुरू।
- सीवरेज, पानी, ट्रैफिक, कचरा प्रबंधन जैसी समस्याएं और गहराती रहेंगी।
- मास्टर प्लान और हाईकोर्ट के निर्देशों की अनदेखी।

यह है आधार पेयजल और विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता, संभावना, मास्टर प्लान, रोड नेटवर्क, मौजूदा एरिया से नजदीकी, क्षेत्र की विकास क्षमता और अन्य जरूरतों को तत्काल और बेहतर से तरीके उपलब्धता के आधार पर ही चरणबद्ध विकास का खाका तैयार किया जाए।

सीएस हाईकोर्ट में हाजिर, एफएसएल की स्थिति में सुधार का दिलाया भरोसा

जयपुर. विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) में संसाधन व सुविधाओं की स्थिति को लेकर शुक्रवार को हाईकोर्ट में मुख्य सचिव सुधांश पंत व एफएसएल निदेशक हाजिर हुए। न्यायाधीश उमाशंकर व्यास ने सरकार से जवाब से संतुष्ट होकर पॉक्सो के मामले से संबंधित याचिका पर सुनवाई बंद कर दी। मुख्य सचिव सुधांश पंत की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एफएसएल में लंबित मामलों में कमी लाने व स्थिति में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता भरत व्यास ने कहा कि एफएसएल जांच में देरी का केसों पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है, ऐसे में स्थिति में सुधार लाया जाएगा। अब तक लंबित मामलों में करीब साढ़े बारह प्रतिशत कमी लाई जा चुकी हैं।

कांग्रेस ने विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रदेश अध्यक्ष लगाए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. संगठन मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से जारी आदेश के अनुसार उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ में मुकुल गोयल, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ में भरत मेघवाल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ में जीवन खान कायमखानी, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ में योगिता शर्मा, सहकारिता प्रकोष्ठ में संदीप यादव और खेलकूद प्रकोष्ठ में अमीन पठान को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया हैं। इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष पद पर सुशील पारीक और प्रदेश कोर्डिनेटर भंवरलाल विश्नोई को बनाया गया है।

राजस्थान हाईकोर्ट: सीजे श्रीवास्तव ने सुबह न्यायाधीश शर्मा को शपथ दिलाई, दोपहर बाद शर्मा ने सीजे के लिए पढ़ा रेफरेंस भाषण

बधाई से दिन की शुरुआत, दोपहर बाद विदाई के भावुक पल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को शपथ दिलाते हुए।

जोधपुर/जयपुर. हाईकोर्ट में शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से वापस राजस्थान लौटे न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को बधाई देने से दिन की शुरुआत हुई। मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने सुबह 10 बजे सभी न्यायाधीशों व वकीलों की मौजूदगी में शर्मा को शपथ दिलाई। दोपहर बाद जयपुर व जोधपुर दोनों जगह के न्यायाधीश और वकील सभी फिर से मुख्य न्यायाधीश के अदालत कक्ष में जुटे, तब न्यायाधीश शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश सहित तीन न्यायाधीशों की विदाई के लिए रेफरेंस पढ़ा। अपने विदाई भाषण में न्यायाधीश श्रीवास्तव ने कहा कि यहां से मीठी यादें लेकर जा रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव ने जोधपुर में आयोजित अपने विदाई रेफरेंस में कहा, जब मैं यहां आया तब अन्य पर्यटकों की तरह मेरे मन में भी राजस्थान की छवि बेहतर आतिथ्य-सत्कार की थी, लेकिन यहां देखा लोग आपस में काम की ही बात करते हैं फिजूल की नहीं। कार्यक्रम में न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर और अरुण मोंगा को भी विदाई दी गई।

9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की बीएस-6 मानक की तैयार हो रही रिफाइनरी

रिफाइनरी 88 फीसदी काम, सल्फर रिकवरी यूनिट की गति धीमी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी में 87.9 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, वहीं सल्फर रिकवरी यूनिट के सबसे धीमे चल रहे काम में तेजी लाई जाएगी। इस स्थिति में अभी रिफाइनरी चालू होने के लिए इंतजार और करना पड़ेगा। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने शुक्रवार को सचिवालय में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्हांने रिफाइनरी कार्य में और तेजी लाने के लिए कहा। रिफाइनरी व आसपास के क्षेत्र में पौध रोपण के लिए भी कहा है। इस मौके पर एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के निदेशक एस. भारतन व सीईओ कमलाकर विखार ने विभिन्न इकाइयों के निर्माण कार्य और मैकेनिकल कार्यों के बारे में बताया। बैठक में पेट्रोलियम निदेशक अजय शर्मा, संयुक्त निदेशक दिलीपराज शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

10 प्रोसेस इकाइयों का 98 फीसदी तक काम पूरा: एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) की 10 प्रोसेस इकाइयों का करीब 94 से 98 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। वहीं परियोजना क्षेत्र में करीब 87.9 प्रतिशत काम हो चुका है। रिफाइनरी सेक्शन में एसआरयू यूनिट को अलग कर 96.9 प्रतिशत कार्य हो गया है, वहीं पेट्रोकेमिकल क्षेत्र और सल्फर रिकवरी यूनिट के काम में तेजी लाने के लिए कहा गया है। क्रूड और वैक्यूम डिस्टीलेशन यूनिट व डिलेड कॉकर यूनिट का करीब 95.5 प्रतिशत, हाइड्रोजन जनरेशन और डीजल हाइड्रोजन यूनिट का 98.7 फीसदी और वीजीओ-एचडीटी यूनिट आदि का काम 95.3 फीसदी से अधिक काम हो चुका है।

जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का राहुल गांधी पर तंज

विदेशों में घूमने वाले विदेश नीति नहीं जानते : सुंधाशु

शिष्टाचार भेंट: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शुक्रवार को जयपुर स्थित निवास पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शिष्टाचार भेंट की।

जयपुर. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी शुक्रवार को जयपुर आए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा की पहलगाम हमले के दोषी आतंकी संगठन टीआरएफ पर अमरीका ने प्रतिबंध लगा दिया हैं। आतंकवाद पर मोदी सरकार ने कई बार कूटनीतिक सफलता हासिल की हैं। विपक्ष के नेता ने कहा था, विदेश नीति सर्कस की तरह हैं, अब वे क्या कहेंगे। त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, 'विदेशों में घूमने वाले विदेश नीति नहीं जानते'। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अहमदाबाद विमान हादसे पर न्यायिक जांच की मांग के बयान पर कहा कि- घटना तकनीकी विषय हैं। अन्तरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर जांच हो रही हैं। इस दुखद घटना पर छोटी राजनीति करना ठीक नहीं है। कन्हैयालाल हत्याकांड में सरकार की ओर से ठीक से पक्ष नहीं रखे जाने को लेकर गहलोत के बयान पर कहा कि पीएफआई को मार्च की अनुमति गहलोत ने दी थी।